एक नवरत्न कंपनी

## अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से...




**2 अप्रैल 2026**

**प्रिय साथियो,**

मार्च, 2026 के दौरान एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा अर्जित प्रमुख उपलब्धियों और सफलताओं को साझा करते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है। आपके निरंतर समर्पण और प्रतिबद्धता ने एक बार पुन: संगठन को महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त करने और विद्युत क्षेत्र में अपनी अग्रणी स्थिति को और सुदृढ़ करने में सहायता की है।

हमें माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिन्होंने 11 मार्च, 2026 को केरलम के वेस्ट कल्लाडा में 50 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी। नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की 'सोलर पार्क स्कीम 'के अंतर्गत विकसित की जा रही यह परियोजना, भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। माननीय प्रधानमंत्री ने एक सतत और कम कार्बन वाले भविष्य को हासिल करने में ऐसी पहलों के महत्व का उल्लेख किया और केरलम में फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं को और अधिक विकासित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

एनएचपीसी ने 19 से 22 मार्च 2026 तक यशोभूमि, नई दिल्ली में आयोजित 'भारत इलेक्ट्रिसिटी सम्मिट 2026' में गर्व के साथ भाग लिया। एनएचपीसी ने जलविद्युत, नवीकरणीय ऊर्जा और टिकाऊ अवसंरचना में अपनी पहलों के साथ-साथ अपनी तकनीकी प्रगति और भविष्य की कार्ययोजना का प्रदर्शन किया। एनएचपीसी पवेलियन का उद्घाटन माननीय केंद्रीय विद्युत और आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री, श्री मनोहर लाल के करकमलों से किया गया। इस अवसर पर माननीय केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री, श्री प्रहलाद जोशी, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा श्री श्रीपाद नाईक, सचिव (विद्युत) भारत सरकार श्री पंकज अग्रवाल और कई विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। एनएचपीसी की सहभागिता को प्रभावशाली और सफल बनाने में हमारे कार्मिकों के समर्पण और प्रयासों की मैं सराहना करता हूं।

मुझे आपको यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि एनएचपीसी ने 20 मार्च 2026 को सुबनसिरी लोअर परियोजना की यूनिट #1 (250 मेगावाट) का सफल वाणिज्यिक प्रचालन करके महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है। यह राष्ट्रीय ग्रिड में 250 मेगावाट स्वच्छ ऊर्जा के जुड़ने को दर्शाता है, जिससे परियोजना की कुल परिचालन

क्षमता 2000 मेगावाट की योजना में से 750 मेगावाट हो गई है। इसके अलावा, यूनिट # 4 का 'वेट कमीशनिंग' 31.03.2026 से शुरू हो गया है। यह उपलब्धि हमारी टीमों की विशिष्ट तकनीकी क्षमताओं और दृढ़ता को प्रदर्शित करती है।

प्रमुख हितधारकों के साथ हमारी सहभागिता को और मजबूत करते हुए, मैंने निदेशक (वित्त) के साथ 13 मार्च 2026 को ईटानगर में आयोजित अरुणाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री पेमा खांडू की अध्यक्षता में 10वीं संचालन समिति की बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान राज्य में विकसित की जा रही जलविद्युत परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और उनके कार्यान्वयन में तेजी लाने की हमारी प्रतिबद्धता की सराहना की गई।

अरुणाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री पेमा खांडू, माननीय उपमुख्यमंत्री श्री चौना मीन, उपाध्यक्ष, विधायकों, मुख्य सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 28 मार्च 2026 को सुबनसिरी लोअर परियोजना का दौरा किया। माननीय मुख्यमंत्री ने 750 मेगावाट के सफल कमीशनिंग पर एनएचपीसी को बधाई दी, परियोजना की प्रगति की सराहना की तथा शेष यूनिटों के समयबद्ध पूर्णता और कुशल संचालन के लिए राज्य सरकार के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

एक अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, एनएचपीसी ने 27 मार्च 2026 को जम्मू में 240 मेगावाट उडी-1 स्टेज-2 और 260 मेगावाट दुल्हस्ती स्टेज-2 जलविद्युत परियोजनाओं के लिए जम्मू एंड कश्मीर स्टेट पावर कार्पोरेशन लिमिटेड के साथ कार्यान्वयन समझौतों पर हस्ताक्षर किए। बीओओटी (बूट) आधार पर विकसित की जाने वाली ये परियोजनाएं विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति को और सुदृढ़ करेंगी और देश के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक होंगी।

मुझे तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजना की हेड रेस टनल के फेस-5ए और 6ए की सफल ब्रेकथ्रू को आपसे साझा करते हुए भी प्रसन्नता हो रही है। चुनौतीपूर्ण भूवैज्ञानिक परिस्थितियों के बावजूद यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है। यह उपलब्धि हिमालयी भूविज्ञान वाले क्षेत्रों में जलविद्युत सुरंग में हमारी तकनीकी विशेषज्ञता के साक्ष्य को प्रदर्शित करती है।

मैंने निदेशक (वित्त) के साथ 4-5 मार्च 2026 को मुंबई का दौरा किया और महाराष्ट्र की पंप भंडारण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। हमारी परियोजना टीम सावित्री पीएसपी के लिए आवश्यक मंजूरी प्राप्त करने के लिए सभी प्रयास कर रही है।

**इस माह की अन्य प्रमुख उपलब्धियां**:

- मार्च 2026 में, एनएचपीसी का राजस्व 1310.66 करोड़ रुपए रहा। मार्च 2026 तक कुल संचयी राजस्व 9311.72 करोड़ रुपए रहा।
- मार्च 2026 कुल विद्युत उत्पादन 1358 मिलियन यूनिट (एमयू) रहा तथा मार्च 2026 तक का संचयी विद्युत उत्पादन 23307 मिलियन यूनिट (एमयू) रहा।
- किशनगंगा पावर स्टेशन ने वित्त वर्ष 2025-26 (17 मार्च 2026 तक) में 1506.52 एमयू का रिकॉर्ड विद्युत उत्पादन प्राप्त किया है जो कमीशनिंग के बाद से सर्वाधिक है, जबकि चुटक पावर स्टेशन ने 24 मार्च 2026 को 204.730 एमयू, अब तक का सर्वश्रेष्ठ वार्षिक विद्युत उत्पादन प्राप्त किया है। मैं इन उपलब्धियों को प्राप्त करने में कार्मिकों के समर्पण, दृढ़ता और उत्कृष्ट निष्पादन के लिए दोनों पावर स्टेशन की टीमों की प्रशंसा करता हूँ।
- मैंने 10 मार्च 2026 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला कार्मिकों को संबोधित करते हुए लैंगिक समानता व महिला सशक्तिकरण की महत्ता और महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व करने हेतु सहयोगी वातावरण प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया।

- एनएचपीसी ने 21 मार्च 2026 को गोपालपुर, ओडिशा में एक ग्राहक बैठक का आयोजन किया, जिसमें वरिष्ठ डिस्कोम के प्रतिनिधियों और एनएचपीसी नेतृत्व ने साझेदारी और जलविद्युत, नवीकरणीय ऊर्जा, पंप स्टोरेज और हाइड्रोजन ऊर्जा पहलों के अद्यतनीकरण पर चर्चा की, जिसने ग्राहक जुड़ाव और निरंतर सुधार के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया।

- कारगिल में संधारणीय विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए, चुटक पावर स्टेशन ने दिनांक 25 मार्च 2026 को जिला प्रशासन के साथ अपने सीएसआर पहलों के तहत एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसमें स्वास्थ्य सेवा, स्वयं सहायता समूहों के लिए आजीविका सृजन और सरकारी मिडिल स्कूल, चुटक में बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए सहयोग प्रदान किया जाना है ताकि सामुदायिक कल्याण और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा सके।

- एनएचपीसी को दिनांक 11.03.2026 को लगातार दूसरे वर्ष तथा उन्नत श्रेणी में "मानव संसाधन उत्कृष्टता में महत्वपूर्ण उपलब्धि" के लिए सीआईआई एचआर एक्सेलेंस अवार्ड 2025-26 से सम्मानित किया गया।

- एनएचपीसी को 19 मार्च 2026 को नई दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित द इकोनॉमिक टाइम्स गॉवटेक अवार्ड्स 2026 में "साइबर सुरक्षा और डिजिटल सुरक्षा उत्कृष्टता" श्रेणी में रजत पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

- एनएचपीसी ने पर्यावरण के अनुकूल और संधारणीय परिसर को बनाए रखने के लिए फरीदाबाद के नगर निगम द्वारा 14-15 मार्च 2026 को आयोजित फ्लावर फेस्टिवल में संस्थागत श्रेणी में प्रथम पुरस्कार जीता।

साथियों, ये उपलब्धियां राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा और संधारणीय विकास के लक्ष्यों में सार्थक योगदान देने के हमारे सामूहिक संकल्प को दर्शाती हैं। प्रगति पथ पर आगे बढ़ते हुए, मैं आप सभी से आग्रह करता हूँ कि आप इसी समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ अपने प्रयासों को निरंतर जारी रखें। आइए, हम अपने सभी प्रयासों में समयबद्ध क्रियान्वयन, नवाचार और उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित रखें।

ईस्टर, बैसाखी और बोहाग बिहू के शुभ अवसर पर, मैं आपको और आपके परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

आपका,

भूपेन्द्र गुप्ता

**(भूपेन्द्र गुप्ता)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**

## From CMD's Desk…




**02nd April 2026**

**Dear Colleagues,**

I am happy to share with you the key developments and achievements of NHPC during the month of March 2026. Your consistent dedication and commitment have once again helped the organization attain significant milestones and reinforce its position as a leader in the power sector.

We were honoured by the presence of Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi, who laid the foundation stone for the 50 MW Floating Solar Project at West Kallada, Keralam on 11th March 2026. This project, being developed under the Solar Park Scheme of the Ministry of New and Renewable Energy represents a major step towards India's clean energy transition. The Hon'ble Prime Minister emphasized the importance of such initiatives in achieving a sustainable and low-carbon future and encouraged further development of floating solar projects in Kerala.

NHPC proudly participated in the Bharat Electricity Summit 2026, held at Yashobhoomi, New Delhi from 19th to 22nd March 2026. NHPC showcased its initiatives in hydropower, renewable energy and sustainable infrastructure, alongwith its technological advancements and future roadmap. The NHPC Pavilion was inaugurated by Hon'ble Union Minister of Power and Housing & Urban Affairs, Shri Manohar Lal in the presence of Shri Pralhad Joshi, Hon'ble Union Minister of New & Renewable Energy, Consumer Affairs, Food & Public Distribution, Shri Shripad Naik, Hon'ble Union Minister of State for Power and New & Renewable Energy, Shri Pankaj Agarwal, Secretary (Power), Government of India and several distinguished dignitaries. I appreciate the dedication and efforts of our employees in making NHPC's participation impactful and successful.

I am delighted to inform you that NHPC has achieved a major milestone in the Subansiri Lower Project with the successful commercial operation of Unit #1 (250 MW) on 20th March 2026. This marks the addition of 250 MW of clean energy to the national grid, taking the total operational capacity of the project to 750 MW out of the planned 2000 MW. Further wet commission of Unit 4 has commenced w.e.f 31.03.2026. This achievement reflects the strong technical capabilities and perseverance of our teams.

Further strengthening our engagement with key stakeholders, I, along with Director (Finance), participated in the 10th Steering Committee Meeting held at Itanagar on 13th March 2026, chaired by Hon'ble Chief Minister of Arunachal Pradesh, Shri Pema Khandu. The meeting reviewed the progress of hydroelectric projects being developed in the state and reaffirmed our commitment to accelerating their implementation.

Shri Pema Khandu, Hon'ble Chief Minister of Arunachal Pradesh, alongwith Shri Chowna Mein, Hon'ble Deputy Chief Minister, Deputy Speaker, MLAs, Chief Secretary and other senior officers of Arunachal Pradesh visited Subansiri Lower Project on 28 March 2026. The Hon'ble Chief Minister congratulated NHPC on commissioning 750 MW, appreciated its progress and assured full state support for timely completion and efficient operation of the remaining units.

In another significant development, NHPC signed Implementation Agreements with Jammu & Kashmir State Power Development Corporation Limited for the 240 MW Uri-I Stage-II and 260 MW Dulhasti Stage-II Hydroelectric Projects on 27th March 2026 at Jammu. These projects to be developed on a BOOT basis will further strengthen reliable power supply and contribute to the nation's clean energy goals.

I am also pleased to highlight the successful breakthrough of Face-5A and 6A of the Head Race Tunnel of the Teesta-VI Hydroelectric Project. This milestone has been achieved despite challenging geological conditions and stands treatments of our technical expertise in hydro power tunneling in Himalayan Geology.

I, along with Director (Finance), visited Mumbai on 4-5 March 2026 and reviewed the progress of Maharashtra's pump storage projects. Our project team is making all efforts for obtaining necessary clearances for Savitri PSP.

### Other major highlights of the month include:

- In March 2026, NHPC's revenue stood at Rs. 1310.66 crore. Total cumulative revenue till March 2026 stood at Rs. 9311.72 crore
- The total generation for the month of March 2026 was 1358 MU and cumulative generation up to March 2026 was 23307 MU.
- Kishanganga Power Station achieved a record generation of 1506.52 MUs in FY 2025-26 (as of 17 March 2026), its highest since commissioning, while Chutak Power Station recorded its best-ever annual generation of 204.730 MUs on 24 March 2026. I commend the teams at both stations for their dedication, resilience and outstanding performance in achieving these milestones.

- On 10 March 2026, I addressed women employees at NHPC Corporate Office, Faridabad, on the occasion of International Women's Day, highlighting the importance of gender equality and women's empowerment and encouraging a supportive environment for women to lead with confidence.

- NHPC hosted a Customer Meet on 21 March 2026 at Gopalpur, Odisha, where senior discom delegates and NHPC leadership discussed partnerships and updates on hydro, renewable, pumped storage and hydrogen initiatives, reinforcing the organization's commitment to customer engagement and continuous improvement.

- Reinforcing its commitment to sustainable development in Kargil, Chutak Power Station signed an MoU with the District Administration on 25 March 2026 under its CSR initiatives, supporting healthcare, livelihood generation for Self-Help Groups and infrastructure development at Government Middle School, Chutuk to promote community welfare and women empowerment.

- NHPC was honored with the CII HR Excellence Award 2025-26 for "Significant Achievement in HR Excellence," on 11.03.2026 marking the second consecutive year and in an upgraded category.

- NHPC was awarded the Silver Award at the prestigious The Economic Times GovTech Awards 2026 in the category of "Cybersecurity & Digital Safety Excellence" on 19 March 2026 in New Delhi.

- NHPC won the 1st Prize in the Institutional Category at the Flower Festival organized by the Municipal Corporation of Faridabad on 14–15 March 2026, for maintaining an eco-friendly and sustainable campus.

Colleagues, these achievements reflect our collective resolve to contribute meaningfully to the nation's energy security and sustainability goals. As we move forward, I urge all of you to continue your efforts with the same dedication and commitment. Let us remain focused on timely execution, innovation and excellence in all our endeavors.

On the joyous occasion of Easter, Baisakhi & Bohag Bihu, I extend my warmest wishes to you and your family.

Sincerely Yours,

**(Bhupender Gupta)**
**Chairman & Managing Director**